संख्या-3/वे0आ0-2-940/दस-2014-8(मु0स0स0)/2011

प्रेषक,

अजय अग्रवाल,
सचिव वित्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
माध्यमिक शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक : 18 दिसम्बर, 2014

विषय:- मुख्य सचिव समिति द्वारा एन0सी0सी0 निदेशालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतनमान के सम्बन्ध में दी गयी संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयों के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मुख्य सचिव समिति द्वारा एन0सी0सी0 निदेशालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतनमान के सम्बन्ध में दी गयी संस्तुतियों पर निम्न निर्णय लिये गये :--

(i) <u>अधिशासी अधिकारी प्री सेलेक्शन ट्रेनिंग सेन्टर:--</u>

अधिशासी अधिकारी के पद की शैक्षिक अर्हता, प्रशासनिक एवं एकेडमिक कार्य एवं उत्तरदायित्व को देखते हुए इस पद पर वर्तमान में अनुमन्य वेतन बैण्ड-2 रू0 9300-34800 एवं ग्रेड वेतन रू0 4600/- के स्थान पर उच्चीकृत/संशोधित वेतन बैण्ड-2 रू0 9300-34800 एवं ग्रेड वेतन रू0 4800/- विभागीय शासनादेश निर्गत होने की तिथि से अनुमन्य किया जाय।

(ii) <u>सहायक लेखाकार, एन0सी0सी0 निदेशालय :--</u>

राजकीय विभागों के अधीनस्थ लेखा संवर्ग के पदों का निदेशक आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा के नियंत्रणाधीन एकल संवर्ग बनाये जाने के दृष्टिगत एन0सी0सी0 निदेशालय के सहायक लेखाकार के एकल पद को उच्चीकृत किये जाने का औचित्य नहीं है।

(iii) <u>एयरो माडलिंग अनुदेशक :--</u>

एयरो माडलिंग अनुदेशक संवर्ग के वर्तमान में उपलब्ध 04 पदों को विभागीय

http://shasanadesh.up.nic.in

शासनादेश निर्गत होने की तिथि से निम्नानुसार पुनर्गठित किया जाय :--

क्र0 सं0	पदनाम	वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन	पदों की संख्या
(1)	(2)	(3)	(4)
1	एयरो माडलिंग अनुदेशक	वेतन बैण्ड-1, रू0 5200-20200 एवं ग्रेड वेतन रू0 2800/-	02
2	वरिष्ठ एयरो माडलिंग	वेतन बैण्ड-2 रू0 9300-34800 एवं ग्रेड वेतन रू0 4200/-	02

2- कृपया उपर्युक्त निर्णय के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक शासनादेश वित्त विभाग की सहमति से निर्गत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

अजय अग्रवाल
सचिव।

संख्या-वे0आ0-2-940(1)/दस-2014-8(मु0स0स0)/2011, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :--

1- वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1

2- कार्मिक नियमावली सेल, उत्तर प्रदेश सचिवालय।

3- निदेशक, एन0आई0सी0, छठा तल, योजना भवन, लखनऊ को शासनादेश वित्त विभाग की वेबसाइट पर डाले जाने हेतु ।

आज्ञा से,

रमेश कुमार त्रिपाठी
उप सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in